दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### टहल रही महिला के गले से मंगलसूत्र छीना,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर।** पैदल दहलने गई महिला को धक्का देकर गले में पहने मंगल सूत्र लूटकर आरोपी फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्रा चौक श्यामनगर निवासी श्रीमती नीता चौधारी 36 वर्ष पति संजय चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि केनाल रोड तेलीबांधा स्थित मकान के बाहर रात को खाना खाने के बाद टहल रही थी तभी पीछे से धक्का मारकर गले में पहने सोने का मंगल सूत्र को झपट्टा मारकर एक व्यक्ति फरार हो गया। सोने की मंगल सूत्र की कीमत लगभग 35 हजार रुपये रुपये के आसपास बतायी गई है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आस-पास के सीसी टीव्ही केमरों की जांच कर रही है।

### शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया,मामला दर्ज

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाये जाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार महिमा सागर वार्ड ब्वाय स्कूल के पास धमतरी निवासी प्रार्थिया 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 18 मई 2013 को पुरानी बस्ती गोगांव गुढ़ियारी में यशवन्त साहू 24 वर्ष पिता रमेश साहू ने शादी करने का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### राजधानी में दो बाईक पार,जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** राजधानी में बाईक चोरी के दो मामलों में प्रार्थी ने कोतवाली व तेलीबांधा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार नेहरूनगर कोतवाली रायपुर निवासी कीर्तन दुर्गा 30 वर्ष पिता मंगल दुर्गा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 9 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच घर के सामने खड़ी बजाज एवेंजर क्रमांक सीजी 04-केई/2812 मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया है। बाईक की अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये बतायी गई है। इसी तरह तेलीबांधा थाना क्षेत्र में बसंत कार्नर अवंतिविहार तेलीबांधा रायपुर निवासी सोभराज साम्भकर 34 वर्ष पिता स्व.खेमराव साम्भलकर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अवंतिविहार घर के सामने खड़ी प्लेजर क्रमांक सीजी 04-केजे/6879 मोटरसाईकिल को किसी ने चोरी कर लिया है। बाईक की अनुमानित कीमत 8 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेंदूपत्ता से भरा ट्रक में लगी आग, जलकर हुआ खाक

**रायपुर।** कवर्धा जिले में तेंदूपत्ता से भरा ट्रक में आग लगने से तेंदूपत्ता समेत ट्रक जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक तेंदूपत्ता से ओवरलोड था, जिसके कारण उसका ऊपरी हिस्सा बिजली तार से संपर्क होने के कारण उसमें आग लग गई। इस घटना के दौरान ट्रक के चालक ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना पांडातराई थानांतर्गत सोढ़ा गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के मंडला जिले के अंजनी गांव से लगभग 387 बोरी तेंदूपत्ता लोड होकर ट्रक पश्चिम बंगाल जा रहा था. इस बीच सोढ़ा गांव के पास बिजली के तार को छू जाने की वजह से तेंदूपत्ते में आग लग गया, जो देखते-देखते पूरे ट्रक को अपनी लपेट में ले लिया। इधर ट्रक चालक अब्दुल खान निवासी रायपुर ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। आग से जलकर खाक हुए तेंदूपत्ते की कीमत लगभग 35 लाख रूपये से ऊपर बताई जा रही है

### सट्टा -पट्टी व नगदी के साथ 4 गिरफ्तार,मामला दर्ज

**रायपुर।** मुजगहन व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में सट्टा -पट्टी लिखते 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 14 सौ 30 रुपये व सट्टा पट्टी जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह न्यू राजेंद्रनगर रायपुर निवासी नकुल नायक 23 वर्ष को पुलिस ने धनेली नाला के पास मुखबिर की सूचना पर सट्टा पटटी व नगदी 2सौ 30 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं माना बस्ती रायपुर निवासी विजेंद्र मारकण्डे 22 वर्ष को धनेली नाला के पास से 320 रुपये व सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार मुजगहन रायपुर निवासी रविशंकर डहरिया 28 वर्ष को सट्टा -पट्टी व नगदी 3 सौ रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। एवं गुढ़ियारी थाना क्षेत्र से बजरंग नगर निवासी विष्णु कुमार जंघेल 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी 5सौ 80 रुपये व सट्टा पट्टी जप्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार,41 पाव शराब जप्त

**रायपुर।** सिविल लाईन व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में अवैध शराब ले जा रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 41पाव शराब जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार शक्तिनगर पण्डरी रायपुर निवासी राज सोना 25 वर्ष पिता लालू सोना को जांच के दौरान कटोरातालाब नेताजी चौक के पास 11 पाव अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना बजरंगनगर गोगांव में निवासी ईश्वर साहू 20 वर्ष पिता दुखितराम साहू को गोगांव रेलवे क्रासिंग के पास जांच के दौरान 30 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 34-1 के तहत अपराध कायम कर

## शादी और मतदान साथ-साथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज दूसरे चरण के मतदान के दौरान कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में वैवाहिक रस्मों के बीच अनेक दूल्हे-दुल्हनों ने भी मतदान किया। अपने वोट का महत्व समझते हुए तमाम व्यस्तताओं के बीच वे मतदान केन्द्र पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। लोकतंत्र पर भरोसा जताने के साथ ही आज विवाह बंधन में बंधे इन मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का भी परिचय दिया। अपने विवाह के दिन मतदान कर इन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2019 की स्मृतियो को भी चिरस्मरणीय बना लिया। आने वाले वर्षों में जब भी वे अपनी शादी की सालगिरह मनाएंगे, तो इस निर्वाचन की यादें भी साथ होंगी।

## महावीर जयंती पर खुली चिकन दुकानें हुई सील

**जगदलपुर।** महावीर जयंती पर संजय बाजार में कुछ चिकन की दुकानें खुलीं रहीं। देर शाम को इन दुकानों पर कार्रवाई करने पहुंचा निगम अमला पुलिस पार्टी का इंतजार करता रहा। नोटिस देकर दुकान बंद करने कहा। दुकान बंद नहीं की। बताया जाता है कि निगम अमला इसलिए कार्रवाई करने से डरता रहा, क्योंकि जिनकी दुकानें हैं, वे इतवारी बाजार इलाके में रहते हैं। चिकन काटने के दौरान औजार भी उनके पास मौजूद होते हैं। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए निगम अमला पुलिस पार्टी के आने का इंतजार करता रहा। महावीर जयंती पर पूरे शहर में मटन और चिकन की दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। इसके चलते बाजार तो बंद रहा, लेकिन दोपहर बाद इतवारी बाजार के कुछ युवकों ने अपनी चिकन की दुकान खोल ली। इस बात की सूचना मिलते ही निगम का अमला मार्केट पहुंच दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करते 10 दुकानों को सील किया।

## नाड़ी परीक्षण शिविर में आंध्र और ओड़िश के मरीजों ने लिया हिस्सा

**जगदलपुर।** श्री श्री आयुर्वेद एवं आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा नाड़ी परीक्षा शिविर स्थानीय दाऊ मिल में लगाया। 6 घंटे से ज्यादा समय तक चले इसे शिविर में 200 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। इलाज में होने वाले फायदे को देखते हुए स्थानीय लोगों के साथ ही आंध्रप्रदेश और ओडिशा के लोग सुबह से ही दाऊ मिल में पहुंचने लगे थे।

सावित्री दास से बताया कि वे काफी लंबे समय से जोड़ों के दर्द से परेशान थी किसी भी इलाज का कोई असर नहीं हो रहा था। पिछ्ले 6 माह से नाड़ी परीक्षण करवा रही हूं और आयुर्वेदिक दवाइयां ले रही हूं जिससे मुझे अप्रत्याशित लाभ मिला है। आन्ध्र प्रदेश के पी. श्रीधर ने बताया कि उन्हें उच्च रक्तचाप और मधुमेह की शिकायत दस साल से है इसकी वजह से अनेक बीमारियों से पीड़ित हैं। चार माह से नाड़ी परीक्षण में आ रहा हूं तब से ब्लडप्रेशर और मधुमेह नियंत्रण में है। कोंडागांव से आए सोमदास बघेल ने बताया कि पाचन तंत्र रोग से जूझ रहा था नाड़ी परीक्षण शिविर में आने के बाद मुझे लाभ हुआ है।

मरीजों का इलाज कर रहे वैद्य प्रदीप कुमार ने बताया कि पर्यावरण, भोजन असंतुलन, मिलावटी एवं आधुनिक जीवनशैली में लोग न चाहते हुये भी कई बीमारियों के चपेट में आते जा रहे हैं। नाड़ी परीक्षा के द्वारा वर्तमान और भविष्य में हो सकने वाली बीमारियों को जाना जाता है। आयुर्वेदिक दवाइयों के माध्यम से रोग को जड़ से मिटाने पर जोर देने के साथ ही आहार और दिनचर्या पर परामर्श दिया जाता है। उन्होंने बताया आयुर्वेद ही एक ऐसा माध्यम है जो बिना किसी दुष्प्रभाव के रोग को जड़ से मिटाने की क्षमता रखता है बस जरूरत है तो थोड़े धैर्य और संयम की जो अब मरीज रख रहे हैं।

## उच्चा न्यायालय ने आईपीएस गुप्ता और एम रेखा नायर को जांच में सहयोग का दिया निर्देश




**रायपुर।** निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता तथा सूबेदार एम रेखा मोलजी नायर द्वारा उनके विरुद्ध थाना ईओडब्ल्यू /एसीबी रायपुर में पंजीबद्ध अपराध के विरुद्ध राहत के लिए उच्च न्यायालय में प्रस्तुत वाद मे 18 अप्रैल को सुनवाई उपरांत न्यायाधीश आरसी सिंह समंत द्वारा गुप्ता एवं नायर दोनों को निर्देशित किया गया है कि वे ब्यूरो में लंबित अपराध की विवेचना में सहयोग करें। उच्च निर्देश के पालन में अप.क्र. 6/2019 एवं 7/2019 धारा 166, 166ए (बी) 167, 168, 193, 196, 201, 466, 467, 471, 120 बी भादवि एवं धारा 25, 26 सहपठित धारा 5(2) भारतीय टेलीग्राफ एक्ट के प्रकरण के आरोपी मुकेश गुप्ता को दिनांक 23 अप्रेल को ब्यूरो मुख्यालय में उपस्थित होने एवं अप.क्र.8/2019 धारा 13(1) बी सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के आरोपी रेखा नायर को 22 अप्रैल को ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

## हर दो घंटे में देनी होगी मतदान प्रतिशत की जानकारी

**कोरबा।** कलेक्टर किरण कौशल ने आज वीडियो कांफेंसिंग के जरिये मतदान दिवस 23 अप्रेल को मतदान केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं और तैयारियों की समीक्षा की। श्रीमती कौशल ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों को मतदान केंद्रों में जरूरी सभी व्यवस्थाएं सुनिर्श्चित करने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका महोबिया और श्री एन.एस. नैरोजी सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कार्यों के सभी नोडल अधिकारी भी शामिल हुए। कलेक्टर कौशल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान के दिन 23 अप्रेल को हर दो घंटे में हुए मतदान की जानकारी दी जानी है।

## केसरी नंदन के दर्शन के लिए मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

### हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में अनेक जगह हो रहा भण्डारे का आयोजन



**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुबह 5 बजे से ही बजरंग बली के मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। अनेक मंदिरों में आतिशबाजी के साथ जय बजरंग बली और जय श्री राम के जयकारों के साथ भक्तों ने कतार में लगकर केसरी नंदन के दर्शन किये। समाचार लिखे जाने तक हमारे 27 जिलों के संवाददाताओं से मिली जानकारी के अनुसार मारुति नंदन के दर्शन के लिए भक्त कतार में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे है। शहर में दूधाधारी मंदिर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, पचपेंढ़ी नाका, गुढ़ियारी स्थित जड़ हनुमान मंदिर, लाखे नगर रावाभांठा, पुरानी बस्ती ब्राह्मण पारा, रामसागर पारा, बढ़ईपारा, राठौर चौक, कंकाली पारा एवं सर्वधर्म हनुमान मंदिर स्टेशन परिसर में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा अंजनी पुत्र के दर्शन के लिए उमड़ पड़ा है। उक्त अवसर पर आज शहर के सभी हनुमान मंदिरों में बजरंग बली का विशेष श्रृंगार किया गया है। गुढ़ चना, मोतीचूर के लड्डू, मगज के लड्डू एवं मीठी बूंदी का प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने घर परिवार एवं प्रदेश की समृध्दि की कामना हनुमान जी से की। बुढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही महाआरती का आयोजन किया गया। बुढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का सस्वरपाठ भक्तों द्वारा किया गया।

## पत्नी की बेरहमी से पिटाई, दूसरी बार पिलाया कांच, फरार

**बिलासपुर।** मस्तूरी क्षेत्र के रिस्दा निवासी युवक ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर उसे कांच पिला दिया। इससे पहले भी उसने ऐसी हरकत की थी। इस बार उसके मुंह से खून निकलने लगा तब आरोपित पति भाग निकला। आहत महिला को सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। अंजू सोनवानी (20) ने करीब छह माह पहले मस्तूरी के रिस्दा निवासी सतीश सोनवानी (23) से प्रेम विवाह किया है। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आ गई। उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा और कर्ज चुकाने के लिए उससे रुपयों की मांग करने लगा।

## बसपा नेता खिलेश्वर साहू कांग्रेस में शामिल!



**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी से रायपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी खिलेश्वर साहू के कांग्रेस में शामिल होने तथा कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद दुबे के समर्थन में चुनाव से हटने की बड़ी खबर आ रही है। बताया जाता है कि श्री साहू ने प्रमोद दुबे के समर्थन में बैठने की बात कही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर इलाके में साहू बहुल इलाके में खिलेश्वर साहू की गहरी पैठ है। श्री साहू बहुजन समाज पार्टी के सक्रिय नेताओं में से एक है। बताया जाता है कि श्री साहू ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है, इस लिहाज से अब वे रायपुर लोकसभा सीट से बसपा की सीट पर चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सीट प्रत्याशी प्रमोद दुबे का समर्थन करते हुए बैठक जाएंगे। हालांकि इसकी अभी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जानकारों की माने तो जल्द ही कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से इसकी घोषणा

## डीजल ऑटो बंद होने से चालकों के समक्ष रोजी रोटी का खतरा उत्पन्न : तिवारी

### 15 साल से अधिक चले ऑटो होंगे बंद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदूषण की शिकायत मिलने पर 15 साल से अधिक चले डीजल ऑटो बंद होने से ऑटो चालकों के समक्ष रोटी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। कुछ दैनिक समाचार पत्रों में छपी खबर का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश ऑटो संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदूषण फैलने के लिए डीजल ऑटो जवाबदार नहीं है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुंआ शहर में बढ़ रहे प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में छत्तीसगढ़ ऑटो यूनियन के संरक्षक एवं महापौर प्रमोद दुबे से चर्चा करने पर उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। पत्रकारवार्ता में सुरेश तिवारी, राजेश स्वामी, लालाराम चौहान, बच्चा भाई, यूसुफ खान एवं राजकुमार ने बताया कि महापौर द्वारा प्रमुख सचिव से चर्चा करने पर उन्होंने इस प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं करने की बात

## सरगुजा के जिला आबकारी अधिकारी हुए निलंबित

### निर्धारित से ज्यादा कीमत पर शराब बेचने की शिकायत प्रमाणित

### ओव्हर रेट की शिकायतें सही पाए जाने पर जिला आबकारी




**रायपुर।** राज्य सरकार ने सरगुजा जिले में देशी और विदेशी मदिरा दुकानों में निर्धारित मूल्य से ज्यादा कीमत पर शराब बेचने की शिकायत सही प्रमाणित होने पर वहां के जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेन्द्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश आज शाम यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से वाणिज्यिक-कर (आबकारी) विभाग द्वारा जारी किया गया। निलंबन की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत की गई है।

आदेश में कहा गया है कि श्री राजेन्द्र तिवारी के प्रभार क्षेत्र की मदिरा दुकानों में अधिक दर पर मदिरा विक्रय पाया जाना श्री तिवारी द्वारा शासकीय कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही और उदासीनता का परिचायक है। निलंबन अवधि में तिवारी का मुख्यालय रायपुर स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय में निर्धारित किया गया है। लोकसभा चुनाव 2019 के तहत 23 अप्रैल को सरगुजा क्षेत्र में होने वाले मतदान को देखते हुए तात्कालिक व्यवस्था के तहत श्री तिवारी का प्रभार बिलासपुर संभागीय उपायुक्त कार्यालय के सहायक आयुक्त वेदराम लहरे को अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने आबकारी विभाग को प्रदेश की सभी देशी और विदेशी शराब दुकानों में शराब की ओव्हर रेट पर बिक्री की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आबकारी आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि इन निर्देशों के अनुरूप राजधानी रायपुर के आबकारी भवन स्थित राज्य स्तरीय उड़नदस्ते और जिलों में जिला स्तरीय उड़नदस्ते प्रदेश भर में सभी शराब दुकानों की लगातार आकस्मिक जांच कर रहे हैं।

## खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करने किसान भाईयों से अपील

**कोरबा।** उप संचालक कृषि कोरबा ने बताया है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी खरीफ मौसम के मद्देनजर कोरबा जिले के समस्त सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण करा लिया गया है । किसान भाईयों से अपने सुविधा एवं आवश्यकता अनुसार खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव कर लेने की अपील की है । उर्वरक का अग्रिम उठाव करने से किसान भाईयों को 31 मई 2019 तक किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा, साथ ही किसान भाई अंतिम समय में अग्रिम उठाव करने हेतु समितियों में होने वाली भीड़-भाड़ से भी बच सकते है। समितियों में भंडारित खाद, बीज का उठाव हो जाने से जगह खाली होने पर जिले की आवश्यकता अनुसार समितियों में खाद, बीज का पुनः भंडारण कराया जा सकेगा